हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार 8 जून 2026
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 42 डिग्री
न्यूनतम 27 डिग्री

09 शिविर में मिले 642 आवेदन, 370 का हुआ तत्काल ...



10 संवेदनशील एवं तथ्यात्मक पत्रकारिता से समाज में ...



## खबर संक्षेप

### साइकिल रेसिंग प्रतियोगिता 14 को



**धमतरी।** मां कामाख्या जनकल्याण सेवा समिति कोटाभर्री (गंगरेल) के तत्वावधान में साइकिल रेसिंग प्रतियोगिता का आयोजन गंगरेल जलाशय में 14 जून को किया गया है। साइकिल रेस गंगरेल रेस्ट हॉउस से से प्रारंभ होकर कोटाभर्री, बरारी, मुड़पार एवं रुद्री होते हुए पुनः गंगरेल रेस्ट हॉउस पहुंचेगी। लगभग 10 से 12 किलोमीटर की इस रेस में प्रतिभागियों को प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर गंगरेल क्षेत्र की मनमोहक वादियों और हरियाली के बीच साइकिल चलाने का अद्भुत अनुभव प्राप्त होगा। प्रथम पुरस्कार 50,000, द्वितीय पुरस्कार 25,000, तृतीय पुरस्कार 15,000, चतुर्थ पुरस्कार 5,000, पंचम पुरस्कार 2,500 व षष्ठम पुरस्कार 1,000 रूपए दिये जायेंगे। यह जानकारी खूबलाल ध्रुव ने दी है।

### नारायणी धाम में 9 से श्रीमद भागवत ज्ञान गंगा यज्ञ

**धमतरी।** शहर के नारायणी धाम में 9 से 15 जून तक सात दिवसीय श्रीमद भागवत ज्ञान गंगा यज्ञ का आयोजन शाम 4 बजे से 7 बजे तक होगा। भागवताचार्य विष्णुदत्त शास्त्री (महर्षि) इंदौर श्रीमद भागवत कथा का रसपान कराएंगे। आयोजन में प्रतिदिन अलग-अलग प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी में प्रमोद गोयल-लता गोयल, मनीष अग्रवाल-लता अग्रवाल, नरेश अग्रवाल-पूजा अग्रवाल, संजय रामजीलाल-पूनम अग्रवाल, हुकुमचंद सिंघल परिवार, मदन गोयल-अनीता गोयल तथा राजेंद्र माहेश्वरी जुटे हैं।

### देवपुर में निषाद समाज की बैठक 14 को

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ निषाद समाज 22 पाली डोंगेश्वर परिक्षेत्र देवपुर की तिमाही बैठक 14 जून को श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण सामाजिक निषाद भवन देवपुर में सुबह 11 बजे रखी है। बैठक में सामाजिक एवं अन्य विषयों पर परिचर्चा होगी। यह जानकारी पाली अध्यक्ष प्रकाश निषाद, उपाध्यक्ष लखन निषाद, महासचिव परदेशी निषाद, मीडिया प्रभारी पवन निषाद ने दी है।

### 14 जून को रत्नाबांधा में गूंजेगी कबीर वाणी

**धमतरी।** संत शिरोमणि कबीर साहेब की 629वीं जयंती के उपलक्ष्य में 14 जून को सुबह 10.30 से 1.30 बजे तक कबीर नगर रत्नाबांधा धमतरी में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण से होगा। इसके पश्चात कबीर साहेब की मूल वाणी बीजक पाठ एवं कबीर भजनों की प्रस्तुति होगी। तत्पश्चात संत-महात्माओं एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन किया जाएगा तथा कबीर वाणी पर विचार गोष्ठी होगी। कार्यक्रम के दौरान भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी होगा।

# खुर्रा बोनी के लिए बारिश का इंतजार, कई किसानों ने डाली नर्सरी

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

बारिश नहीं होने से खरीफ सीजन की तैयारी अटकी हुई है। इस साल अधिकांश किसानों ने चना लगाया था। ऐसे में वे बोता पद्धति से बोनी करने की तैयारी कर रहे हैं। इसके लिए एक बार बारिश होना जरूरी है। उधर कुछ किसानों ने रोपाई के लिए नर्सरी डालने की तैयारी कर ली है।

हर साल मानसून से पहले बारिश हो जाती थी, जिसमें किसान खुर्रा जुताई कर लेते थे, लेकिन इस साल इतनी बारिश नहीं हुई है कि किसान खुर्रा जुताई कर सकें, ऐसे में खुर्रा बोनी के लिए किसानों को बारिश का इंतजार करना पड़ रहा है। किसान युवराज शर्मा, चैतराम नेताम, पतिराम साहू ने बताया कि उनके पास सिंचाई के लिए खुद का मोटरपंप है, लेकिन इस साल वे खुर्रा बोनी करने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि खुर्रा बोनी में खेती की लागत काफी कम हो जाती है। मताई, रोपाई सहित कई खर्च कम हो जाते हैं। इस साल उन्होंने चने की फसल लगाई थी, इसलिए खेत खुर्रा बोनी के लिए उपयुक्त है। बारिश का इंतजार है।

किसान मंगलूराम, संजय सिन्हा ने बताया कि इस साल खाद कम मात्रा में मिल रहा है। ऐसे में सीधी बोआई से खाद की खपत कम आएगी। इसलिए वे खुर्रा बोनी कर सीधी बोआई पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं।

## बारिश के अभाव में अटकी खरीफ खेती की तैयारी

### 140 हजार हेक्टेयर में खेती करने का लक्ष्य

कृषि विभाग ने इस साल 1 लाख 40 हजार हेक्टेयर में खेती का लक्ष्य रखा है। इसमें से 1 लाख 38 हजार हेक्टेयर में धान की खेती होगी। असिंचित क्षेत्र में किसान खेतों से खरपतवार की सफाई करने में जुटे हैं। किसानों ने बताया कि अभी खेतों में दरार ज्यादा है। जुताई भी ठीक से नहीं हो पा रही है। बारिश के बाद ही खेती में तेजी आएगी।



### नर्सरी डालना शुरू

बारिश नहीं होता देख कई किसान अब रोपा पद्धति से धान की बोनी की तैयारी कर रहे हैं। इसके लिए वे खेतों की जुताई कर नर्सरी डाल रहे हैं। करीब 20-30 दिन में नर्सरी रोपाई के लिए तैयार हो जाएगी। नर्सरी डालने के 15 दिन बाद किसान खेतों में पानी पलाना शुरू कर देंगे। नर्सरी तैयार होने से पहले खेत भी तैयार हो जाएंगे। जानकारी के अनुसार इस साल रोपा पद्धति से धान की बोनी के रकबे में कमी आएगी।

चन्द्रनाहू (चंद्राकर) कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अधिवेशन में शामिल हुए मुख्यमंत्री

# समाज जितना सशक्त होगा, राष्ट्र उतना ही प्रगतिशील और समृद्ध बनेगा : साय

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

कृषि उपज मंडी परिसर छाती में आयोजित चन्द्रनाहू (चंद्राकर) कुर्मी-क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अधिवेशन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह समाज गौरवशाली इतिहास, समृद्ध परंपराओं और उत्कृष्ट सामाजिक मूल्यों का वाहक है। यह वही समाज है जिसने देश को छत्रपति शिवाजी महाराज और लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जैसे महान व्यक्तित्व दिए हैं, जिनके नेतृत्व, साहस और राष्ट्र निर्माण के आदर्श आज भी प्रेरणास्त्रोत हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि कोई भी समाज शिक्षा, संगठन, संस्कार और सामाजिक उत्तरदायित्व के बल पर ही निरंतर प्रगति करता है। चन्द्रनाहू कुर्मी-क्षत्रिय समाज अपनी समृद्ध परंपराओं, सामाजिक चेतना और उत्कृष्ट संगठन क्षमता के कारण प्रदेश के अग्रणी एवं प्रगतिशील समाजों में शामिल है।





### संगठित और जागरूक समाज ही मजबूत राष्ट्र की नींव

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे अधिवेशन केवल सामाजिक आयोजन नहीं होते, बल्कि समाज को संगठित और सशक्त बनाने के महत्वपूर्ण माध्यम होते हैं। संगठित और जागरूक समाज ही मजबूत राष्ट्र की नींव होता है। समाज जितना सशक्त होगा, राष्ट्र उतना ही प्रगतिशील और समृद्ध बनेगा। आगे कहा कि शिक्षा ही विकास का मूल मंत्र है और किसी भी समाज की वास्तविक प्रगति का आधार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा है। राज्य सरकार शिक्षा के विस्तार और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है।

### छाती से झुरानवागांव तक बनेगी सड़क

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने छाती से झुरानवागांव तक सड़क निर्माण, ग्राम छाती को भविष्य में नगर पंचायत का दर्जा प्रदान करने की प्रक्रिया प्रारंभ करने, छाती में नवीन हायर सेकेंडरी स्कूल भवन निर्माण तथा समाज के लिए नवा रायपुर में सामाजिक भवन हेतु भूमि उपलब्ध करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने समाज की सांस्कृतिक एवं साहित्यिक धरोहर को संरक्षित करने की दिशा में प्रकाशित पुस्तक अद्भुत श्री तुलसी चरितायणम का विमोचन भी किया। कार्यक्रम में समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

### सामाजिक एकता ही हमारी पहचान : दिनेश

समाज के केंद्रीय अध्यक्ष दिनेश चंद्राकर ने कहा कि समाज में संगठन और सामाजिक एकता की गौरवशाली परंपरा रही है। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला यह अधिवेशन समाज की एकजुटता, सामाजिक जागरूकता और विकास के संकल्प का प्रतीक है।

### विकासोन्मुख सोच के साथ आगे बढ़ें : विजय

लोकसभा सांसद विजय बघेल ने कहा कि चन्द्रनाहू कुर्मी-क्षत्रिय समाज ने शिक्षा और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य किया है। समाज के लोग सदैव राष्ट्रहित, सामाजिक समरसता और विकासोन्मुख सोच के साथ आगे बढ़ते रहे हैं। संगठित समाज ही विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करता है।

### शिक्षा समाज की सबसे बड़ी पूंजी : अजय

कुरूद विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि समाज की सबसे बड़ी पूंजी उसकी शिक्षा, अनुशासन और संगठन शक्ति होती है। चन्द्रनाहू समाज ने इन तीनों क्षेत्रों में उल्लेखनीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने समाज की एकता, सांस्कृतिक मूल्यों और सामाजिक दायित्वों को संरक्षित रखते हुए विकास की नई दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया।

श्री साय ने आगे कहा कि कुर्मी समाज ने कृषि, शिक्षा, प्रशासन, राजनीति, सामाजिक सेवा तथा विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देकर समाज और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। समाज की नई पीढ़ी शिक्षा, तकनीकी ज्ञान ⏩ शेष पेज 9 पर

## सीएम साय ने बच्चों को कराया स्वर्ण प्राशन, स्टॉल का किया अवलोकन



**धमतरी।** छग के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 7 जून को ग्राम छाती की कृषि उपज मंडी में आयोजित चन्द्रनाहू (चंद्राकर) कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने स्टॉल का अवलोकन किया। बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराया।

इस अवसर पर श्री साय ने कहा कि बच्चों में किए जाने वाले मुख्य 16 संस्कारों में से स्वर्ण प्राशन स्वास्थ्य की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण संस्कार है। आधुनिक चिकित्सा की प्रणाली में जिस प्रकार बच्चों की रोग प्रतिरोधक शक्ति बढ़ाने और बच्चों को सामान्य रोगों से बचाव के लिए विभिन्न वैक्सीन का इस्तेमाल किया जाता है, ठीक उसी प्रकार आयुर्वेद में वैदिक काल से बच्चों को रोग प्रतिरोधक शक्ति बढ़ाने के लिए स्वर्ण प्राशन संस्कार विधि की जाती है। यह एक प्रकार की आयुर्वेदिक इम्युनाइजेशन की प्रक्रिया है।

मौके पर विधायक कुरूद अजय चन्द्राकर, महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर, पूनम चंद्राकर, समाज के अध्यक्ष दिनेश चंद्राकर सहित अन्य उपस्थित थे।

## तूफान वाहन दो विद्युत पोल के बीच घुसा



हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

- मथुरा मोड़ की घटना

तूफान वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित दो विद्युत पोल के बीच घुसकर क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना में चालक को हल्की चोट आई है।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार की दोपहर नगरी की तरफ से एक तूफान वाहन क्रमांक सीजी 07 एएन 1614 धमतरी की ओर आ रहा था। इसी दौरान आरटीओ आफिस के सामने मथुरा मोड़ पर तूफान वाहन अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे दो विद्युत पोल से टकराते हुए बीच में घुस गया। इस घटना में वाहन व विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं चालक मामूली रूप से घायल हुआ है। वाहन खाली था, अगर भरा रहता तो बड़ी घटना हो सकती थी।

## एनएच के डिवाइडर पर चढ़कर पलटा मालवाहक आटो, दो घायल

- अर्जुनी मोड़ पर अंधेरा होने के कारण लगातार हो रहे हादसे

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

रायपुर से सामान छोड़कर वापस धमतरी लौट रहा मालवाहक आटो अर्जुनी मोड़ पर अंधेरा होने के कारण डिवाइडर पर चढ़कर पलट गया। इस घटना में सवार दो लोग घायल हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को दानीटोला निवासी मुकेश साहू, चेतन ध्रुव व कुमार साहू आटो में घर का सामान भरकर उसे छोड़ने के लिए रायपुर गए थे। रायपुर से सामान खाली कर रात्रि में वापस दानीटोला लौट रहे थे। इसी दौरान नेशनल हाइवे स्थित अर्जुनी मोड़ चौक पर काफी अंधेरा होने व विपरीत दिशा से आ रही वाहनों की हेडलाइट की तेज रोशनी के कारण आटो चालक को रास्ता समझ नहीं आया। आटो अर्जुनी मोड़ पर डिवाइडर पर चढ़कर सड़क पर पलट गया। घटना में आटो सवार मुकेश व चेतन घायल हो गए।

सूचना पर वरदान परमार्थ सेवा समिति के शिवा प्रधान व सहयोगी टीकू के साथ तत्काल मौके पर पहुंचकर एक घायल को एकता अस्पताल पहुंचाया, वहीं दूसरे घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। निजी अस्पताल में भर्ती घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए उपचार के लिए रायपुर रिफर किया गया है।





### प्रकाश व्यवस्था व संकेत बोर्ड नहीं

स्थानीय लोगों के अनुसार अर्जुनी मोड़ के पास पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था नहीं है। वहीं डिवाइडर एवं मोड़ पर स्पष्ट संकेत बोर्ड नहीं है जिसके कारण इस स्थान पर आए दिन सड़क हादसे होते रहते हैं। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों पुरानी मंडी में सुशासन त्योहार कार्यक्रम के दिन भी रात्रि में रायपुर से बच्चे का शव लेकर आ रहा मुक्ताजंलि वाहन भी अर्जुनी मोड़ के पास अंधेरा होने के कारण डिवाइडर पर चढ़कर क्षतिग्रस्त हो गया था। सामाजिक कार्यकर्ता शिवा प्रधान ने बच्चे के पार्थिव शरीर को सुरक्षित उसके घर गट्टासिल्ली पहुंचाने की व्यवस्था की। वहीं क्षतिग्रस्त एंबुलेंस को मरम्मत के बाद वापस रायपुर के लिए रवाना किया गया।

फिट इंडिया के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने पुलिस की अनूठी पहल

# संडे ऑन साइकिल में दिखा जोश और उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

पुलिस द्वारा अनूठी पहल करते हुए सण्डे ऑन साइकिल में पुलिस लाइन रूद्री से गंगरेल तक साइकिल रैली निकालकर फिट इंडिया के संदेश के जन-जन तक पहुंचाने व स्वास्थ्य और ईंधन बचत के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

भारत सरकार के फिट इंडिया मूवमेन्ट एवं खेलो इण्डियन योजना अंतर्गत 7 जून को सण्डे ऑन साइकिल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सूरजसिंह परिहार के नेतृत्व में एएसपी, सीएसपी, रक्षित निरीक्षक, थाना प्रभारी सहित जिले के पुलिस अधिकारी-कर्मचारी एवं पुलिस परिवार ने भी उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। यह साइकिल रैली रविवार की सुबह पुलिस लाइन रूद्री के सामने से प्रारंभ की गई जो गंगरेल से वापस पुलिस लाइन में संपन्न हुई। इस साइकिल रैली में लगभग 500 लोगों ने हिस्सा लिया। रैली के दौरान प्रतिभागियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित व्यायाम करने तथा ईंधन बचत के साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए साइकिल के अधिकाधिक उपयोग का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में एएसपी शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय, सीएसपी अभिषेक चतुर्वेदी, रक्षित निरीक्षक दीपक शर्मा, जिले के थाना प्रभारी सहित पुलिस अधिकारी-कर्मचारी एवं पुलिस परिवारजन बड़ी संख्या में शामिल रहे।

## रूद्री से गंगरेल तक निकाली गई साइकिल रैली



### स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी पूंजी : एसपी

इस अवसर पर एसपी श्री परिहार ने कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी पूंजी है। नियमित व्यायाम, खेलकूद एवं साइकिलिंग न केवल शारीरिक रूप से व्यक्ति को स्वस्थ बनाते हैं बल्कि मानसिक रूप से भी उसे ऊर्जावान, अनुशासित एवं सकारात्मक बनाए रखते हैं। साइकिल का उपयोग पर्यावरण संरक्षण, ईंधन की बचत तथा स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## दुगली और कौहाबाहरा के बीच जंगल बंटवारा विवाद गहराया

- ग्रामीणों ने कलेक्टर से लगाई न्याय की गुहार, वन विभाग के खिलाफ आंदोलन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी



वनांचल की दो पंचायतों के बीच वनक्षेत्र के बंटवारे का विवाद तूल पकड़ने लगा है। ग्राम पंचायत दुगली और कौहाबाहरा में वन कक्षों को बराबर बंटवारा करने की मांग कलेक्टर से की गई है। कौहाबाहरा के ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि समय रहते उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो ग्रामीणों द्वारा वन विभाग के विरूद्ध चक्काजाम और धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

नगरी तहसील के ग्राम पंचायत कौहाबाहरा के ग्रामीण शिवप्रसाद नेताम, मोहितराम, रामभरोसा सिन्हा, सुखचंद आदि ने कलेक्टर को आवेदन सौपकर कहा है कि पूर्व में दुगली एवं कौहाबाहरा एक ग्राम तथा एक ही पंचायत थी। उस समय से कौहाबाहरा के लोग वनकक्ष क्रमांक 255, 256, 257 तथा 258 में अपना निस्तारी करते आ रहे हैं। इसी तरह दुगली के ग्रामीण भी 4-5 वनकक्षों में अपना निस्तारी करते आ रहे हैं।

कौहाबाहरा के ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान में दुगली और कौहाबाहरा अलग-अलग ग्राम पंचायत बन चुका है। 31 दिसंबर 2009 को वनमंडल धमतरी ने दोनों ग्राम पंचायतों के बीच वन कक्ष आवंटित किया जिसमें कौहाबाहरा को मात्र 1 वन कक्ष जबकि दुगली को 9 से 10 वनकक्ष का आवंटन किया है जो न्यायोचित नहीं है। कौहाबाहरा जनसंख्या के मामले में भी दुगली से बड़ा है। ग्रामवासी चाहते हैं कि दोनों पंचायतों के बीच वनकक्षों का बंटवारा बराबर किया जाए। ग्रामीणों ने बताया कि 15 जून को सुशासन तिहार अंतर्गत दुगली में जंगल बंटवारा को लेकर ग्रामीणों ने आवेदन किया था जिसमें वन विभाग ने 8 दिन के भीतर दस्तावेजों की जांच कर ⏩ शेष पेज 9 पर

## खबर संक्षेप

### पदाधिकारियों ने ली समाज सेवा की शपथ

**जगदलपुर।** धुरवा समाज क्षेत्र क्रमांक 5 कमानार के सेवा केंद्र में क्षेत्रीय पदाधिकारियों का मनोनयन एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर समाज के उत्थान, संस्कृति के संरक्षण और सामाजिक एकजुटता का संकल्प लेते हुए नई कार्यकारिणी घोषित की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संभागीय महासचिव डॉ. गंगाराम धुर, जिला अध्यक्ष संतोष बघेल, जिला सहसचिव मनीराम नाग और युवा प्रभाग के संभागीय अध्यक्ष सुखदेव बघेल सहित संभागीय, जिला एवं क्षेत्रीय पदाधिकारी शामिल रहे। सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों की मौजूदगी में नवनियुक्त सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। नई कार्यकारिणी सूची में मुख्य पदाधिकारी अध्यक्ष सोनाराम नाग, उपाध्यक्ष सुकराम नाग, महासचिव, मुख्य संयोजक बलदेव कश्यप, सहसचिव बुधराम मौर्य, कोषाध्यक्ष मनीराम कश्यप, प्रवक्ता सुकराम नाग, सलाहकार मंगलराम नाग, कार्यकारी मंडल एवं सदस्य वरिष्ठ सलाहकार सोनाराम मौर्य, वरिष्ठ सदस्य चैतुराम नाग, सदस्य लखमू राम कश्यप, सदस्य दशरथ कश्यप, सदस्य सहदेव नाग, सदस्य लखेश्वर कश्यप एवं सदस्य सोनसिंह नाग रहे।

## निधन

### उर्मिला बाई



**धमतरी।** ग्राम जुनवानी निवासी श्रीमती उर्मिला बाई साहू का हृदयाघात से निधन हो गया। वह भागीरथी साहू, लोकेश साहू एवं भाजपा जिला महामंत्री राकेश साहू की माताजी थीं। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में स्वजन एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।

### रामकृष्ण साहू



**मगरलोड।** रामकृष्ण साहू का आकस्मिक निधन 1 जून सोमवार को हो गया। उनकी अंत्येष्टि 2 जून को हुई। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए। उनके निधन पर डॉ. वीरेन्द्र साहू, महेन्द्र साहू, राजेन्द्र साहू, सुरेन्द्र साहू, महेश साहू, वेदकुमार साहू, डॉ. दिनेश साहू, हरीश साहू, डॉ. प्राची, हर्षवर्धन, अंशुमन, प्रीयल, पद्मिनी साहू, भारती, दीपक साहू, आशा, विनीता, संजय साहू, रीना, प्रियंका साहू ने शोक जताया है।


**सार्वजनिक सूचना / आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, चमनदास (इंडियन आर्मी), पिता स्वर्गीय हरिदास, जाति पनिका, निवासी ग्राम बौरसी, तहसील मगरलोड, जिला धमतरी (छ.ग.) एवं योगेन्द्र दास, पिता स्वर्गीय जगतारन दास, निवासी ग्राम बौरसी, तहसील मगरलोड, जिला धमतरी (छ.ग.) के नाम पर स्थित कृषि भूमि राजस्व अभिलेख में निम्नानुसार दर्ज है—

1. खसरा नं. 1098/1, रकबा 0.27 हेक्टेयर, स्वामी – चमनदास पिता स्व. हरिदास एवं त्रिलोकदास पिता स्व. हरिदास।
2. खसरा नं. 1098/2, रकबा 0.27 हेक्टेयर, स्वामी – योगेन्द्र दास पिता स्व. जगतारन दास।

उक्त भूमि को हम विक्रय करना चाहते हैं। यदि उक्त भूमि के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था अथवा अन्य किसी पक्ष को किसी प्रकार का दावा, अधिकार, आपत्ति या हित हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 11 दिवस के भीतर अपने प्रमाणित दस्तावेजों सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें।

निर्धारित अवधि में कोई दावा या आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर यह माना जाएगा कि उक्त भूमि पर किसी अन्य व्यक्ति का कोई दावा या अधिकार नहीं है तथा विक्रय की कार्यवाही नियमानुसार संपादित की जाएगी।

**चमनदास ( इंडियन आर्मी)**
**पिता स्व. हरिदास**
**ग्राम बोरसी, तहसील मगरलोड,**
**जिला धमतरी (छ.ग.)**
**संपर्क करें - 8085154918**


# विश्व पर्यावरण दिवस पर शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में रोपे गए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶आमदी(धमतरी)

विश्व पर्यावरण दिवस पर शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं ग्रीन आमदी ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष नगर पंचायत श्रीमती ज्योति साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

अपने उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण समय की सबसे बड़ी

## पर्यावरण संरक्षण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता : डॉ. खालसा





### पर्यावरण को सुरक्षित रखना हमारी जिम्मेदारी

श्रीमती ज्योति साहू ने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति यदि एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करे तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिल सकता है। उन्होंने महाविद्यालय द्वारा पर्यावरण जागरूकता के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

आवश्यकता है। वृक्ष न केवल हमें शुद्ध वायु प्रदान करते हैं, बल्कि पृथ्वी के संतुलन को बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया।

इस अवसर पर जनभागीदारी समिति के सदस्य तेजराम साहू, कोमल यादव, उमानंद कुंभकार, ग्रीन आमदी ग्रुप के अध्यक्ष योगेंद्र साहू, पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत आमदी हेमंत माला एवं मनोज कुमार साहू, पूर्व अध्यक्ष जनभागीदारी समिति श्रीमती कविता साहू सहित एमन साहू, ज्ञानेश्वर साहू, पोखराज साहू, वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल, तरुण बैनर्जी, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल, अंकित कुमार बोधवानी तथा स्वयंसेवक साहिल कुमार, दिव्या पटेल, प्राची ढीमर, ईशांत कुमार, टुकेश्वर मौजूद थे।

### भाजपा बेलरगांव मंडल की मासिक बैठक एवं पौधारोपण कार्यक्रम

# पौधे रोपकर हरित विकास तथा प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

विश्व पर्यावरण दिवस पर भाजपा बेलरगांव मंडल की मासिक बैठक एवं पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन बिरगुड़ी रेस्ट हाउस में किया गया। कार्यक्रम में पार्टी संगठन को मजबूत बनाने, आगामी गतिविधियों की रूपरेखा तैयार करने तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने पर विशेष जोर दिया गया।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, जिला उपाध्यक्ष अकबर कश्यप तथा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष मोहन पुजारी उपस्थित थे। बैठक की



अध्यक्षता करते हुए मंडल अध्यक्ष हुमित लिमजा ने पिछले एक माह के दौरान मंडल स्तर पर आयोजित बैठकों एवं विभिन्न संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी प्रस्तुत की।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस एवं जिला उपाध्यक्ष अकबर कश्यप ने पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा साझा करते हुए कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने संगठन की मजबूती, जनसंपर्क विस्तार एवं पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

बैठक के पश्चात बिरगुड़ी रेस्ट हाउस परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास तथा प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और प्रत्येक नागरिक को अधिक से अधिक पौधरोपण कर प्रकृति के संरक्षण में योगदान देना चाहिए।

कार्यक्रम में मंडल महामंत्री मोनू साहू, दीपक साहू, बुनकर प्रकोष्ठ जिला संयोजक विनय देवांगन, पूर्व मंडल अध्यक्ष अमर सिंह पटेल, मंडल कोषाध्यक्ष उमेश साहू, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष मोरध्वज सेन, जनपद सदस्य पन्नालाल मरकाम, सत्यवती नेताम, मौसमी मंडावी, किसान मोर्चा अध्यक्ष वेद गंजीर, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष महेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## प्रेस क्लब ने हाईस्कूल एवं शीतला मंदिर में रोपे पौधे



हरिभूमि न्यूज ▶▶भखारा

विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर पंचायत भखारा के प्रेस क्लब द्वारा हाईस्कूल एवं शीतला मंदिर में पौधरोपण किया गया। हाईस्कूल प्रांगण में शिक्षकों एवं छात्रों की उपस्थिति में आम, काजू , बादाम, पीपल, नीम के पौधे लगाए गए। नगर के शीतला मंदिर परिसर में भी नीम के पौधे रोपे गए।

प्रेस क्लब अध्यक्ष राजेश रात्रे ने कहा कि हम सभी को एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए साथ ही उस पेड़ की देखभाल भी करनी चाहिए।

मौके पर मोहम्मद रशीद, खिलेश साहू, श्री टांडे, थानेश्वर साहू, दिनेश साहू, अनिल निर्मलकर, जागेंद्र साहू समेत स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## मोदी के 12 साल बेमिसाल कार्यक्रम को जन-जन तक पहुंचाएगा मंडल

■ गठन विस्तार एवं आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर हुआ विचार-विमर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

भाजपा मंडल नगरी की मासिक बैठक ग्राम सिरसिदा स्थित कर्मा भवन में हुई। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों, प्रदेश एवं राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों तथा आगामी अभियानों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं ने पार्टी के कार्यक्रमों को मंडल, शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने रोडमैप तैयार किया।

बैठक में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 साल बेमिसाल कार्यक्रम को व्यापक रूप से मनाने का निर्णय लिया गया। इसके अंतर्गत वरिष्ठजनों से संपर्क अभियान, स्वच्छता अभियान तथा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को प्रत्येक शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर आयोजित करने हेतु कार्यकर्ताओं की टोली गठित की गई। साथ ही संगठन विस्तार एवं आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर भी विचार-विमर्श किया गया।

मंडल प्रभारी मोहन नाहटा ने आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों एवं मोदी के 12 साल बेमिसाल अभियान की जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं को विभिन्न दायित्वों से अवगत कराया।

इस अवसर पर नगरी मंडल के पूर्व प्रभारी रविशंकर दुबे के मंडल में दिए गए सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए उन्हें भाजपा का गमछा एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। नव नियुक्त मंडल प्रभारी मोहन नाहटा एवं सह प्रभारी महेंद्र नेताम का स्वागत सम्मान किया गया।

मौके पर राष्ट्रीय किसान मोर्चा मंत्री पिंकी शाह, पूर्व मंडल प्रभारी रविशंकर दुबे, मंडल प्रभारी मोहन नाहटा, सह प्रभारी महेंद्र नेताम, मंडल अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, कुकरेल मंडल प्रभारी विकल गुप्ता, जनपद सभापति प्रेमलता नागवंशी, राजेश नाथ गोसाई, नागेंद्र शुक्ला, अजय नाहटा, कमल डागा, प्रतिमा देवांगन, मंडल महामंत्री सुलोचना साहू, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष चेलेश्वरी साहू, सरपंच नर्सिंग मरकाम, मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र, नीलम साहू, अंबिका ध्रुव, रामगोपाल साहू, अश्वनी निषाद, विनीता कोठारी समेत पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 150 पौधों का रोपण कर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

■ विशेष ग्राम सभा में अध्यक्ष का हुआ चयन

ग्राम पंचायत कट्टीगांव के आश्रित ग्राम मारियामारी में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा अध्यक्ष का एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर आगामी एक वर्ष के लिए नए अध्यक्ष का चयन किया गया। इस अवसर पर विश्व पर्यावरण दिवस भी मनाया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए कहा कि प्रकृति के साथ समन्वय स्थापित कर स्वच्छ, हरित एवं बेहतर भविष्य का निर्माण करना हम सभी की जिम्मेदारी है। इसी उद्देश्य से ग्राम सभा मारियामारी द्वारा 150 पौधों का सामूहिक पौधरोपण किया गया। ग्रामीणों ने हमारा पर्यावरण, हमारी जिम्मेदारी का संदेश देते हुए जल, जंगल और जमीन के संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में ग्राम सभा अध्यक्ष पिंकी मरकाम, सरपंच माखन लाल मरकाम, जनपद सदस्य शिवनाथ मरकाम, रोजगार सहायक अशीला नागेश, संसाधन नियोजन एवं प्रबंधन समिति शांति एवं न्याय समिति सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति के सदस्य, वार्ड पंच एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### जल, जंगल और जमीन हमारी पहचान है

ग्राम सभा में वक्ताओं ने कहा कि जल, जंगल और जमीन केवल संसाधन नहीं, बल्कि हमारी पहचान और संस्कृति के आधार हैं। इनके संरक्षण से ही आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित रह सकेगा। बैठक में आगामी सप्ताह से ग्राम सभा स्तर पर सीड बॉल निर्माण अभियान प्रारंभ करने का भी निर्णय लिया गया जिससे वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक पौधरोपण को बढ़ावा दिया जा सके।

## स्वस्थ रहने के लिए पर्यावरण का संरक्षण जरूरी : ओंकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

विश्व पर्यावरण दिवस पर ग्रामीणों के सहयोग से पूर्व सरपंच स्व. डॉ. जोहित राम साहू के पुत्र प्रदीप कुमार साहू द्वारा ग्राम डोमा (गुजरा) में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू ने कहा कि पहले लोग प्राकृतिक जीवन जीने के कारण दीर्घायु होते थे। आज हम प्रकृति से जितने दूर हो रहे हैं , उतने ही कमजोर और रोगी हो रहे हैं। आज हम जाने अंजाने में पृथ्वी ,जल, अग्नि, वायु तथा आकाश को प्रदूषित कर रहे हैं। बाह्य एवं आंतरिक दोनों स्तर पर प्रदूषण बढ़ चुका है। अगर अब भी नहीं चेते तो आने वाला समय अत्यंत भयावह होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच गुंजन साहू ने की । विशिष्ट वक्ता जनपथ सदस्य श्रीमती राजेश साहू सहकारी समिति के अध्यक्ष तुलाराम महमल्ला, पूर्व जिला पंचायत सदस्यद्वय गोविन्द राम साहू, अमरदीप साहू, डॉ. दयालाल साहू, उपसरपंच अनीता तारक, संत पंचम साहेब, गोरखपुर, लीलाराम साहू, यशवन्त साहू थे। आभार व्यक्त प्रदीप कुमार साहू ने किया।

## भारतीय संस्कृति, सभ्यता और नैतिक मूल्यों से अवगत हुए बच्चे

■ सेमरा डी में बाल संस्कार शिविर एवं कबीर जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भखारा क्षेत्र के सेमरा डी स्थित सद्गुरु कबीर साध्वी आश्रम में साध्वी सीमा साहेब के संरक्षण में 2 जून से 5 जून तक बाल संस्कार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर भारतीय संस्कृति, सभ्यता और नैतिक मूल्यों की जानकारी प्राप्त की। साध्वी सुश्री सीमा साहेब ने बच्चों को सहज एवं सरल तरीके से संस्कारमय जीवन जीने का मार्गदर्शन दिया तथा विभिन्न प्रेरणादायी गतिविधियों के माध्यम से निःशुल्क ज्ञान प्रदान किया।

शिविर के समापन अवसर पर 5 जून को सद्गुरु कबीर साहेब का प्राकट्य दिवस एवं कबीर जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई।





कार्यक्रम में बड़ी संख्या मेंसत्संग प्रेमी शामिल हुए। सुबह प्रभातफेरी निकाली गई, गुरु वाणी का पाठ किया गया तथा ध्वजारोहण संपन्न हुआ। वक्ताओं ने सद्गुरु कबीर साहेब के कर्तृत्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके संदेशों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। संत-साध्वी जनों की गुरु पूजा एवं आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया।

## आचार्यों एवं दीदियों का आवासीय प्रशिक्षण जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶पुरी

सशिमं छाती में पहली बार जिला स्तरीय नवीन आचार्यों एवं दीदियों का 10 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण 12 जून तक चलेगा। इसके सफल आयोजन को लेकर विद्यालय की कार्यकारिणी, स्टाफ, पालकगण एवं सहयोगी सदस्य तैयारियों में जुटे हुए हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं संगठनात्मक गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। आयोजन को लेकर विद्यालय परिसर में आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं, ताकि प्रशिक्षण सुचारु रूप से संपन्न हो सके।

विद्यालय के सचिव नरेंद्र कुमार ने बताया कि जिले में पहली बार इस प्रकार का आवासीय प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है, जिससे नवीन आचार्यों एवं दीदियों को कार्यकुशलता और अनुभव प्राप्त होगा।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर जिला जेल में बीजारोपण एवं जागरूकता कार्यक्रम

# समाज को प्रकृति संरक्षण के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण गतिविधि धमतरी द्वारा जिला जेल परिसर में बीजारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा अधिक से अधिक बीजारोपण एवं पौधरोपण के माध्यम से समाज को प्रकृति संरक्षण के लिए प्रेरित करना था।

वक्ताओं ने कहा कि हिमालय के सिकुड़ते ग्लेशियर, बढ़ती हीटवेव, असामान्य वर्षा, घटती जैव विविधता



तथा सूखते जलस्रोत मानव अस्तित्व, खाद्य सुरक्षा और सामाजिक स्थिरता के लिए गंभीर चुनौती बनते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरणीय संकट अब भविष्य की नहीं, बल्कि वर्तमान की वास्तविकता बन चुका है। सामाजिक कार्यकर्ता मोहनलाल साहू ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल वैज्ञानिक या सरकारी विषय नहीं, बल्कि सामाजिक व्यवहार, जीवनशैली और सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़ा महत्वपूर्ण प्रश्न है। उन्होंने भारतीय संस्कृति में प्रकृति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए वृक्षों की भूमिका को पर्यावरण संतुलन और जल संरक्षण के लिए आवश्यक बताया। भेदूप्रसाद साहू ने जल संरक्षण, जंगलों के संवर्धन, बीजारोपण, पौधरोपण, ऊर्जा संरक्षण तथा पॉलिथीन के उपयोग में कमी जैसे व्यावहारिक उपायों की जानकारी दी। रोनित शहरे ने पर्यावरण विषयक गीत प्रस्तुत कर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के बाद जिला जेल परिसर एवं अर्जुनी थाना में चंदन, तुलसी, शमी, सिंदूर तथा कपास के बीजों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में जेल बंदी एवं प्रहरी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।


**Pride of Dhamtari**

**सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल**
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)

- 14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
- A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
- Multi Para Monitors / Bubble CPAP
- Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
- Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
- State of the art NICU including care for Preterm, Term
- वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
- Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
- प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
- 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध

**डॉ. विजय रावत**
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़

समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

**विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि**
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### डिमांड व आपूर्ति बिगड़ी सब्जियां के दाम में तेजी

**जगदलपुर।** अपने औषधीय गुणों और पोषक तत्वों के लिए जानी जाती हैं, पालक भाजी, लालभाजी, मेथी भाजी जैसी कई स्थानीय भाजियां यहां काफी लोकप्रिय हैं। गर्मी के दिनों में मिलने वाली भाजी विशेष रूप से पौष्टिक होती है, जिसे तैयार किया जाता है। बाजार में पालकभाजी 200, लालभाजी 100, धनिया 200 रूपए प्रति किलो है। भीषण गर्मी और उत्पादन क्षेत्रों से आवक घटने के कारण टमाटर की कीमतें 35 रूपए प्रति किलो तक पहुंच गई हैं। लोकल मंडियों में आपूर्ति कम होने और बाहर के राज्यों में भारी मांग होने से आम उपभोक्ताओं को किचन बजट संभालने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि मांग के हिसाब से आपूर्ति में कमी होने के चलते इसके दाम में काफी बढ़ोतरी देखी जा रही है और जिस तरह से इसकी आवक में कमी देखी जा रही है। रविवार को बाजार में टमाटर 35, परवल 60, करेला 60, पत्तागोभी 40, फूलगोभी 80, बरबट्टी 40, भट्टा 50, कुंदरू 40, आलू 20, प्याज 25, गंवरफल्ली 30, सेम 60, खेक्सी 100 रुपए प्रतिकिलो की दर में बिक रहा है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### समाज जितना सशक्त होगा, राष्ट्र उतना ही...

और नवाचार के माध्यम से विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है, जो प्रेरणादायी है। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर, लालबहादुर चंद्रवंशी, पूर्व मंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व संसदीय सचिव मोतीराम चंद्रवंशी समेत बड़ी संख्या में समाजन उपस्थित थे।

### दुगली और कौहाबाहरा के बीच जंगल ...

जंगल का बंटवारा करने की बात कही थी। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। सुशासन तिहार सिर्फ औपचारिक लग रहा है। कलेक्टर के नाम सौंपे गए आवेदन में कौहाबाहरा के ग्रामीणों ने कहा है कि अगर समय रहते उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो वन विभाग के विरूद्ध ग्रामीण चक्काजाम, धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे जिसकी समस्त जवाबदेही शासन- प्रशासन की होगी।

# अर्जुनी में नवीन तालाब निर्माण से जल संरक्षण को मिलेगा बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

### रोजगार दिवस धूमधाम से मना, श्रमिकों को योजनाओं की दी जानकारी



ग्राम पंचायत ठेनही के आश्रित ग्राम अर्जुनी स्थित गणेश घाट रोड पर निर्माणाधीन नवीन तालाब कार्यस्थल में रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मनरेगा के तहत संचालित कार्यों की समीक्षा करते हुए श्रमिकों को रोजगार संबंधी अधिकारों, योजनाओं के लाभ तथा ग्रामीण विकास में जनभागीदारी के महत्व की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने रोजगार दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मनरेगा जैसी योजनाएं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ गांवों में स्थायी परिसंपत्तियों के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। नवीन तालाब निर्माण से क्षेत्र में जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा तथा किसानों एवं ग्रामीणों को दीर्घकालिक लाभ प्राप्त होगा। इस अवसर पर जनपद सदस्य सिरधन सोम, सरपंच ज्योति सोम, उपसरपंच रुपेश नाग, पंचगण सुरेश सोरी एवं सुनती बाई नाग सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मेट असकरण नाग, सुरेश नाग, जीवन ओटी, राकेश कश्यप, सुशील ओटी, महेश ठाकुर, घनाराम गौर, ग्राम पटेल आलम सिंह नेताम, गणेश नेताम, रायचंद सोरी, दर्शन लाल नेताम, गजानंद अहिर, रोजगार सहायक विशाल मरकाम, दिनेश यादव तथा अन्य ग्रामीणों ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के दौरान श्रमिकों एवं ग्रामीणों को रोजगार सृजन, जल संरक्षण तथा ग्राम विकास के कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। रोजगार दिवस के आयोजन से ग्रामीणों में योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ी तथा विकास कार्यों को गति देने का संकल्प लिया गया।

### ग्राम परसट्ठी में क्लस्टर स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन

# शिविर में मिले 642 आवेदन, 370 का हुआ तत्काल निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड



ग्राम पंचायत परसट्ठी में क्लस्टर स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों की मांगों और शिकायतों का मौके पर ही त्वरित निराकरण करना था। शिविर में परसट्ठी क्लस्टर अंतर्गत आने वाले ग्राम परसट्ठी, नवागांव, चंदना, चन्द्रसुर, बुड़ेनी, भेण्डरी, परेवाडीह, मोहरेंगा, कुण्डेल एवं धौराभाठा कु. के ग्रामीण पहुंचे।

शिविर में कुल 642 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से मांगों से संबंधित 608 और शिकायतों से संबंधित 34 आवेदन शामिल थे। 370 आवेदनों (368 मांग एवं 2 शिकायत) का तत्काल निराकरण कर ग्रामीणों को राहत पहुंचाई गई। शेष बचे आवेदनों के निराकरण की प्रक्रिया और जानकारी भी ग्रामीणों के साथ साझा की गई।

जनपद पंचायत मगरलोड अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार साहू, कृषि सभापति राजेश कुमार साहू, जनपद सदस्यगण अनीता वर्मा, तेजराम साहू, विनीता साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष श्याम साहू, नगर पंचायत करेली बड़ी के अध्यक्ष महेन्द्र साहू, सोसाइटी भेण्डरी अध्यक्ष हेमंत साहू, प्रभारी भाजपा मण्डल मेघा होरीलाल साहू, पूर्व जनपद सदस्य डागेश्वर सोनकर, पूर्व सरपंच प्रीतराम देवांगन सरपंच टोमन लाल साहू और विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंचगण केंवरा साहू, देवचरण साहू, जीवन लाल यादव, खेमू राम साहू, राजेश्वरी पटेल, डायमंड ध्रुव, प्रीती ध्रुव, दशोदा साहू, धनेश्वरी साहू एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मगरलोड ने सभी विभागीय स्टालों का निरीक्षण किया और विभागीय अधिकारियों से आवेदनों के निराकरण के संबंध में जानकारी ली।

#### हितग्राहियों को बांटी गई सामग्री

शिविर में जनपद पंचायत मगरलोड द्वारा 3 हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड, समाज कल्याण विभाग ने दिव्यांग हितग्राहियों को राहत देते हुए 1 बैसाखी और 1 छड़ी का वितरण किया। श्रम विभाग से 4 श्रमिकों को श्रम कार्ड सौंपे गए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 58 लोगों का सिकलसेल, बीपी, शुगर, सर्दी-बुखार एवं कमजोरी का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। 5 वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान वय वंदन कार्ड का वितरण किया गया। परिवहन विभाग द्वारा 12 लोगों के ड्राइविंग लाइसेंस बनाए गए। 5 हितग्राहियों को मौके पर ही ड्राइविंग लाइसेंस दिए गए।

## अटंग में साहू समाज के समर कैंप का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री





ग्रामीण साहू समाज अटंग द्वारा 18 मई से 2 जून तक आयोजित समर कैंप का समापन हुआ। समापन अवसर के मुख्य अतिथि नरसिंह साहू परिक्षेत्र अध्यक्ष बगौद ने बच्चों को एक निश्चित लक्ष्य बनाकर चलने प्रेरित किया। तहसील उपाध्यक्ष गायत्री टेकराम साहू ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। टेकराम साहू परिक्षेत्र उपाध्यक्ष ने भी अपने विचार रखे। परिक्षेत्र सचिव वीरेंद्र साहू एवं तहसील संगठन सचिव कुलदीप साहू ने शिक्षा, समाज के प्रति समर्पण पर अपना विचार रखे। अध्यक्ष वेदप्रकाश साहू ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान पूनाराम साहू आचार्य, संतोषी साहू शिक्षिका, टीकाराम साहू, टिकेंद्र साहू का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में भागवत राम साहू, ढालू राम, द्वारिका प्रसाद, शिवकुमार, रानुलाल, प्रकाश, बिसंभर, रुद्रनाथ, रामरमेश, मोहनलाल, श्रवण, तुकाराम, धन्नूराम, पुरुषोत्तम साहू, संगीता, ऊषा, रुक्मणि, कौशल्या, समाजसेवक रूपचंद, चुम्मनलाल उपस्थित थे।

## औषधि विक्रेता संघ ने किया प्रदेश उपाध्यक्ष का स्वागत



**नगरी।** औषधि विक्रेता संघ नगरी ने संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश साहू का प्रथम नगरी आगमन पर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर रुद्री जोन के अध्यक्ष राकेश साहू, दिनेश डे, मनीष नाहर एवं नितेश हिरवानी का भी नगरी आगमन हुआ। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश साहू ने संगठन की मजबूती, व्यवसायिक एकता एवं औषधि विक्रेताओं के हितों से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि संगठन की शक्ति उसके सदस्यों की एकजुटता में निहित है और सभी को मिलकर औषधि व्यवसाय की गरिमा एवं हितों की रक्षा के लिए कार्य करना चाहिए। स्वागत समारोह में नगरी जोन के अध्यक्ष रिखब जैन, कंवल साहू, उत्तम जैन, तोरण बनपेला, कौशल गंजीर, प्रदीप जैन, बसंत हिरवानी, हरिनारायण साहू, वैभव प्रजापति, पोषण साहू, श्रेयांश जैन, केशव साहू, सुरेश लीलाधर साहू, हितेश प्रजापति, सीएल साहू, पीतेश साहू, दीपक साहू, रवि देवांगन सहित बड़ी संख्या में औषधि विक्रेता उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### विश्व पर्यावरण दिवस पर अरौद में हुई ग्रामसभा



**धमतरी।** विश्व पर्यावरण दिवस पर ग्राम पंचायत अरौद ली में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव शामिल हुईं। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं हरित ग्राम निर्माण को लेकर चर्चा की गई। ग्राम सभा के पश्चात पंचायत परिसर में फलदार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर सरपंच टिकेश्वर साहू, सरपंच प्रतिनिधि दीपक साहू, उपसरपंच एकेश्वर सिन्हा, रामानन्द सिन्हा, बिसंतीन, भोलेदास सिंह, मीना यादव, ईश्वर सिन्हा, मनोज ध्रुव, किशोर नेताम, डोमारु सिन्हा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### विधि प्रकोष्ठ ने किया पौधारोपण



**धमतरी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भाजपा एवं विधि प्रकोष्ठ के शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जिला धमतरी विधि प्रकोष्ठ तथा जिला एवं मंडल स्तर पर व्यापक पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक अजीत साहू, जिला विधि प्रकोष्ठ संयोजक नील पटेल, सह संयोजक फलेश साहू, अधिवक्ता कैलाश साहू, एमआर साहू सहित जिला व मंडल के पदाधिकारी, वार्ड के पार्षदगण एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए पौधे रोपे और उनके संरक्षण का संदेश दिया।

### मुस्लिम समाज ने ईदगाह और कब्रिस्तान परिसर में रोपे पौधे



**धमतरी।** मुस्लिम समाज द्वारा रत्नाबांधा चौक स्थित ईदगाह, जैनब पैलेस और मुस्लिम कब्रिस्तान परिसर में पौधरोपण किया गया। इस आयोजन में अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष शेख मोबिन, हाजी अमीन, मोहम्मद जुनैद, हाजी अहमद रजा एवं सैय्यद नवाब अली साहब विशेष रूप से उपस्थित थे। अतिथियों ने जीवन में पेड़ पौधों के महत्व को बताया। मौके पर हाजी सलाम खत्री, अख्तर गोड़, शेख आजम, मो. इकबाल खोखर, शेख साजिद, अल्ताफ खान, अफजल अली रिजवी, मो. हनीफ कुरैशी, अजमल खान, अमीन कुरैशी, नौशाद खान, रमीज रजा, अब्दुल हसीब खान, शादाब खान और जमीर खान ने पौधों की देखरेख और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

### ओम लक्ष्मी फाउंडेशन ने लगाए छायादार एवं फलदार पौधे



**धमतरी।** विश्व पर्यावरण दिवस पर ओम लक्ष्मी फाउंडेशन द्वारा विभिन्न प्रजातियों के छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। फाउंडेशन के वेदप्रकाश साहू ने कहा कि आज पूरा विश्व जलवायु परिवर्तन, बढ़ते प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों के दोहन जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। इन समस्याओं का प्रभावी समाधान पौधरोपण है। वृक्ष न केवल हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, बल्कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, भूजल स्तर को संरक्षित करने तथा जैव विविधता को सुरक्षित रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मौके पर नगर निगम सभापति कौशल्या देवांगन, वार्ड पार्षद कुलेश सोनी, राजीव चंद्राकर, संतोष सोनकर, कविंद्र जैन, गौरव मगर, ओम लक्ष्मी फाउंडेशन के कोषाध्यक्ष प्रेमप्रकाश, नीलम, चंचल सहित फाउंडेशन सदस्य एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

### एनसीसी, एनएसएस के छात्र-छात्राओं ने किया पौधरोपण

**धमतरी।** पर्यावरण संरक्षण के प्रति चेतना तथा प्राकृतिक संसाधनों का सुरक्षित उपयोग करने की दिशा में जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से विश्व पर्यावरण दिवस पर पीजी कॉलेज में पौधरोपण का कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स और एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा फलदर एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। अधिकारी एवं एनसीसी एनएसएस के छात्र-छात्राओं को पौधों की सुरक्षा तथा पर्यावरण जागरूकता के प्रचार प्रसार हेतु शपथ दिलाई गई।

## भाजपाइयों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प



■ मासिक बैठक में बूथ सशक्तिकरण व विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

भाजपा मंडल मगरलोड द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर साहू समाज भवन भरदा में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम एवं मंडल की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंडल प्रभारी श्रवण मरकाम तथा मंडल सह प्रभारी विजय यदु, भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित मोहन साहू, नरेश सिन्हा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, शत्रुघ्न साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष की उपस्थिति रही। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भारत के निर्माण का संदेश देते हुए पौधरोपण किया गया। बैठक में संगठन की आगामी गतिविधियों, बूथ सशक्तिकरण, जनसंपर्क अभियान एवं विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण एवं संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर मुरली सिन्हा महामंत्री, नंदनी सिन्हा महामंत्री, विष्णु साहू मंडल उपाध्यक्ष, एवन साहू पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला मंत्री, झनेश्वर साहू किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष, भानुप्रिया साहू महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष, हिरंजय साहू पूर्व किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष, झमित सिन्हा जिला कार्यकारिणी सदस्य, घनश्याम साहू भाजयुमो जिला मंत्री,छत्रपाल साहू युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष, भुनेश्वरी ठाकुर महिला मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य, पद्मनी साहू, लालेश्वर सिन्हा सोसायटी अध्यक्ष, बेलरदोना, जनक साहू सोसायटी अध्यक्ष, मोहंदी, भीखू राम साहू, जयंती साहू, बीज बाई सहित भाजपा मंडल मगरलोड के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### आईटीआई मेघा में किया गया पौधरोपण

**मगरलोड।** विश्व पर्यावरण दिवस पर आईटीआई मेघा में पौधरोपण किया गया। छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण, जल बचाने का संदेश देते हुए मेघा का भ्रमण किया। प्राचार्य भौमिका साहू ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण के लिए पूरे विश्व में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है।

## वन परिक्षेत्र कार्यालय सांकरा में हुआ पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वन परिक्षेत्र कार्यालय सांकरा परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता निभाते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नागेन्द्र बोरझा सरपंच सांकरा रहे। इस अवसर पर राजेशनाथ गोसाई, जनपद सदस्य एवं वन सभापति जनपद पंचायत नगरी, गिरवर भंडारी, अध्यक्ष ग्राम व्यवस्था समिति सांकरा, पवन साहू, अध्यक्ष किसान मोर्चा मंडल नगरी तथा जन्मजय साहू, किसान मोर्चा महामंत्री जिला धमतरी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

अतिथियों एवं वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन के आधार हैं और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने तथा प्रकृति के संरक्षण हेतु सामूहिक प्रयास करने का संदेश दिया गया।

## शिक्षा समाज के विकास की सबसे बड़ी ताकत : मरकाम



■ पावद्वार में नए प्राथमिक शाला भवन के लिए हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम पांवद्वार में नए प्राथमिक शाला भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन हुआ। ग्रामीणों ने इसे शिक्षा और विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने कहा कि किसी भी समाज और गांव की प्रगति का मार्ग शिक्षा से होकर गुजरता है। नए शाला भवन का निर्माण केवल एक इमारत की नींव नहीं, बल्कि गांव के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य, उनके सपनों और समग्र विकास की मजबूत आधारशिला है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सिहावा श्रवण मरकाम, विशिष्ट अतिथि गरिमा नेताम जिला पंचायत सदस्य,सरपंच राकेश नेताम पन्नालाल मरकाम कृषि सभापति, जनपद पंचायत नगरी, हुमित लिमजा मंडल अध्यक्ष बेलरगांव थे।

मुख्य अतिथि श्रवण मरकाम ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज के विकास की सबसे बड़ी ताकत है। नए शाला भवन के निर्माण से गांव के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने में सहायता मिलेगी तथा यह भवन आने वाली पीढ़ियों के लिए ज्ञान का केंद्र बनेगा।



# विश्व पर्यावरण दिवस पर सर्व गुजराती समाज ने किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

विश्व पर्यावरण दिवस पर सर्व गुजराती समाज छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष प्रीतेश गांधी एवं अखिल भारत गुजराती समाज के राष्ट्रीय सदस्य ने गुजराती कॉलोनी में धार्मिक एवं पर्यावरणीय महत्व रखने वाले पौधों का रोपण कर समाज के लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। इस दौरान बेल, फुड़हर, कनेर और नीम जैसे पौधों का रोपण किया गया। प्रीतेश गांधी ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं हैं, बल्कि मानव जीवन, धार्मिक आस्था और प्रकृति संतुलन के लिए भी अत्यंत आवश्यक हैं।

प्रीतेश गांधी ने कहा कि वृक्ष मां धरती का श्रृंगार है और हरियाली से समाज में सुख, शांति एवं समृद्धि का संचार होता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भावनाओं तथा भारतीय जनता पार्टी के एक पेड़ मां के नाम

## हरियाली से समाज में सुख, शांति एवं समृद्धि का संचार : प्रीतेश



अभियान को सफल बनाने के लिए सर्व गुजराती समाज प्रदेशभर में व्यापक स्तर पर पौधरोपण करेगा। उन्होंने बताया कि समाज के माध्यम से उपयुक्त एवं समुचित स्थानों पर पौधरोपण के लिए लोगों को जोड़ने का कार्य लंबे समय से किया जा रहा है और आगे भी यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

कार्यक्रम में पूर्व सभापति राजेंद्र शर्मा, जलाराम ज्ञानयज्ञ समिति अध्यक्ष बिपिन पटेल, श्री गुजराती समाज धमतरी के पूर्व अध्यक्ष लखमशी भानुशाली, हरि कटारिया, महेन्द्र राजपुरिया, प्रकाश गांधी पूर्व अध्यक्ष गुजराती समाज धमतरी, भूपेश शाह, योगेश गांधी, कांति माणेक, कीर्ति गांधी, नादू त्रिवेदी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस से की गई, जिसे प्रदेशभर में जनभागीदारी के साथ आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया।

### पत्रकारों के लिए क्षेत्रीय संवाद एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

# संवेदनशील एवं तथ्यात्मक पत्रकारिता से समाज में सकारात्मक बदलाव संभव : गजेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

एमसीसीआर ट्रस्ट ने यूनिसेफ के तकनीकी सहयोग से पत्रकारों के लिए क्षेत्रीय संवाद एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया। रविवार को एक रेस्टोरेंट में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य सिकलसेल रोग, बाल मधुमेह, जन्मजात हृदयरोग तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य जैसे गैर संचारी रोगों पर मीडिया की भूमिका को और अधिक प्रभावी एवं संवेदनशील बनाना था।

कार्यक्रम में धमतरी सहित जिले के सभी ब्लॉक से पहुंचे पत्रकारों की सहभागिता रही। संवाद एवं प्रशिक्षण सत्र के दौरान स्वास्थ्य विशेषज्ञ गजेंद्र सिंह ने बच्चों में बढ़ते गैर संचारी रोगों की चुनौती, उनकी शीघ्र पहचान, समय पर उपचार एवं उपलब्ध सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी साझा की। समुदाय आधारित स्वास्थ्य जागरुकता गतिविधियों एवं जनसहभागिता की आवश्यता पर विशेष बल दिया।

## बाल मधुमेह और मातृ-शिशु स्वास्थ्य पर केंद्रित मीडिया कार्यशाला में विशेषज्ञों ने दिए सुझाव





विशेषज्ञों ने बताया कि मीडिया केवल सूचना प्रसार का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक व्यवहार परिवर्तन का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। तथ्यात्मक, संवेदनशील एवं जनहित रिपोर्टिंग के माध्यम से समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता बढ़ाई जा सकती है तथा लोगों को समय पर जांच एवं उपचार के लिए प्रेरित किया जा सकता है। विशेष रूप से ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्र में स्वास्थ्य संबंधी सही जानकारी पहुंचाने में पत्रकारों की भूमिका महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम के दौरान सिकलसेल रोग की समय पर जांच एवं नियमित उपचार, बच्चों में टाइप-1 मधुमेह की शुरुआती लक्षणों की पहचान, जन्मजात हृदयरोग से प्रभावित बच्चों की शीघ्र रेफरल एवं उपचार तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की निरंतर निगरानी जैसे विषयों पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त पूर्ण टीकाकरण, पोषण, एनीमिया नियंत्रण सामुदायिक सहयोग एवं बहु विभागीय समन्वय को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि मीडिया, स्वास्थ्य विभाग एवं समुदाय के समन्वित प्रयास से स्वास्थ्य योजनाओं एवं सेवा की जानकारी अधिक प्रभावी ढंग से आमजनों तक पहुंचाई जा सकती है। इससे न केवल जागरुकता बढ़ेगी बल्कि समय पर उपचार एवं स्वास्थ्य सेवा के उपयोग में भी सुधार होगा।

इस मौके पर राजधानी रायपुर से आए वरिष्ठ पत्रकार बाबूलाल शर्मा, राजेश जान पाल एवं एमिटी विश्व विद्यालय के प्रो. केएन किशोर ने पत्रकारिता को आम लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करने का श्रेष्ठ जरिया बताया। उन्होंने इस क्षेत्र में अपना अनुभव शेयर किया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य जागरुकता को बढ़ावा देने, बच्चों एवं माताओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए सकारात्मक एवं जिम्मेदार पत्रकारिता को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में डा.गजेंद्र सिंह स्वास्थ्य विशेषज्ञ यूनिसेफ एवं उनकी टीम तथा डा. डी.श्याम कुमार, शमी रमाम, रश्मि राव एवं एमसीसीआर ट्रस्ट का विशेष सहयोग रहा।

# कोदोगहन, मालगांव में विधायक ने सुनी समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

विधायक ओंकार साहू ने डुबान प्रभावित ग्राम कोदागहन एवं मालगांव का दौरा कर ग्रामीणों से मुलाकात की तथा उनकी समस्याओं और मांगों को गंभीरता से सुना।

विधायक श्री साहू ने घर-घर पहुंचकर लोगों का हालचाल जाना और उनकी दैनिक जीवन से जुड़ी समस्याओं की जानकारी ली। ग्रामीणों ने डुबान क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं की कमी, सड़क, पेयजल, बिजली, आवागमन तथा पुनर्वास से संबंधित समस्याओं को विधायक के समक्ष रखा। विधायक ने सभी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागों के माध्यम से उनका समाधान कराने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने कहा कि डुबान प्रभावित परिवार वर्षों से विभिन्न कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। उनकी समस्याओं का निराकरण कर उन्हें बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास और लोगों के हितों की रक्षा के लिए वे सदैव प्रतिबद्ध हैं तथा ग्रामीणों की आवाज को शासन और प्रशासन तक मजबूती के साथ पहुंचाने का कार्य करेंगे।

मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष खिलेन्द्र ध्रुव, मंडल अध्यक्ष तानाराव रणसिंह, जनपद सदस्य जयंत नेताम, अम्बिका सिन्हा जिला अध्यक्ष महिला कांग्रेस, गोलू खान उपसरपंच, कोड़ेगाव बी सरपंच, ऋषभ ठाकुर, धर्मेंद्र पटेल, चन्द्रहास साहू, दिलीप ठाकुर, रमेश कौशिक, भारत साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### अंबेडकर वार्ड में बंद स्ट्रीट लाइट से बढ़ी परेशानी

**धमतरी।** शहर के अंबेडकर वार्ड स्थित गौरव पथ की स्ट्रीट लाइट पिछले एक सप्ताह से बंद है। शाम होते ही पूरे मार्ग पर अंधेरा छा जाता है, जिससे लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आसपास के घरों और दुकानों के बाहर लगी लाइट के सहारे ही सड़क पर थोड़ी रोशनी हो रही है। गौरव पथ नगर निगम कार्यालय से करीब 300 मीटर दूरी पर स्थित शहर का व्यस्त मार्ग है। इसकी शुरुआत इतवारी बाजार से होकर आमातालाब मोड़ तक जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद निगम प्रशासन ने अब तक लाइट की मरम्मत नहीं कराई है। लगातार अंधेरा रहने से वार्डवासियों में नाराजगी बढ़ रही है।

### श्रम विभाग के आदेश का पालन हो : सोमनाथ



**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम पंचायत भृत्य के पद को श्रम विभाग के अंतर्गत लाकर न्यूनतम वेतन अधिनियम, 1948 लागू करने की मांग को लेकर ग्राम पंचायत भृत्य कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष सोमनाथ तारक ने पहल की है। इस संबंध में उन्होंने सुशासन तिहार के दौरान 19 मई को अपर श्रमायुक्त कार्यालय छत्तीसगढ़ तथा श्रम विभाग जिला धमतरी को आवेदन प्रस्तुत कर राज्य की समस्त ग्राम पंचायतों में कार्यरत भृत्य एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को अकुशल श्रमिक के बराबर न्यूनतम मानदेय प्रदान करने की मांग की थी।

कार्यालय श्रम पदाधिकारी, कलेक्टर परिसर धमतरी द्वारा 25 मई 2026 को मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत धमतरी को पत्र जारी कर उक्त आवेदन पर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। पत्र में ग्राम पंचायतों में कार्यरत भृत्य एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन का भुगतान सुनिश्चित कर तीन दिवस के भीतर की गई कार्रवाई से अवगत कराने को कहा गया है।

ग्राम पंचायत भृत्य कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष सोमनाथ तारक ने कहा कि श्रम विभाग द्वारा जारी आदेश का शीघ्र पालन किया जाए, ताकि प्रदेशभर के ग्राम पंचायत भृत्यों को न्यूनतम वेतन अधिनियम के तहत उचित मानदेय का लाभ मिल सके।

### वन मंत्री ने साहित्यकार रूद्र नारायण का किया सम्मान

**जगदलपुर।** वनमंत्री केदार कश्यप ने साहित्य लेखन के लिए बस्तर के लेखक रुद्रनारायण पाणिग्राही का स्मृति चिन्ह एवं धुरवा पटका पहनाकर सम्मान किया। इसके साथ ही उनकी पुस्तक बस्तर की लोक संस्कृति का विमोचन किया।

### परिवहन मंत्री किराया वृद्धि पर जनता को दें जवाब

**जगदलपुर।** कांग्रेस व्यापारी प्रकोष्ठ शहर अध्यक्ष राजेंद्र पटवा ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बस संचालकों द्वारा किराया वृद्धि पर कहा कि प्रदेश के बस संचालक निरंकुश हो चुके हैं। बिना आधिकारिक आदेश के मनमाने ढंग से किराए को बढ़ाया जा रहा है। सरकार और परिवहन विभाग मौन है। परिवहन मंत्री केदार कश्यप को जनता को जवाब देना चाहिए कि बस संचालकों को यह मनमर्जी करने की छूट किसके संरक्षण में मिली हुई है। राजेंद्र पटवा ने आगे कहा मुख्य रूप से जगदलपुर से रायपुर मार्ग का 200 रुपए बढ़ोतरी कर दी है। कांग्रेस आम जनता और व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने बाध्य होगी।

### बस्तरिया राज्य मोर्चा की पदयात्रा शुरू

**जगदलपुर।** जल, जंगल, जमीन और पारंपरिक आदिवासी संस्कृति की रक्षा के संकल्प के साथ आज से बस्तरिया राज्य मोर्चा की पांच दिवसीय पदयात्रा शुरू हो गया है। मोर्चा के अध्यक्ष पूर्व विधायक मनीष कुंजाम के नेतृत्व में पदयात्रा आलनार पहाड़ियों से देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना के बाद रवाना हुई। इस यात्रा में संभाग के अनेक गांवों से आए आदिवासी समाज के मुखिया, युवा और ग्रामीण शामिल हो रहे हैं। 7 जून से शुरू यह पदयात्रा 11 जून को दंतेवाड़ा पहुंचेगी।

# धुरी समाज के बीएस कश्यप पुनः अध्यक्ष बने



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

धुरी (ध्रुवंशी) समाज के पुनर्गठन एवं सामाजिक विकास संबंधी बैठक ग्राम कसही में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बागौद क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी जुगल किशोर ध्रुवंशी ने की। बैठक में सर्वसम्मति से बीएस कश्यप को पुनः धुरी (ध्रुवंशी) समाज धमतरी क्षेत्र का अध्यक्ष चुना गया। वीरेंद्र कुमार ध्रुवंशी सचिव, उमेंद्र ध्रुवंशी उपसचिव, प्रफुल्ल कुमार ध्रुवंशी कोषाध्यक्ष तथा टेकराम कश्यप संगठन सचिव बनाए गए। मधुबन कश्यप एवं खुमान कश्यप सलाहकार, हूबलाल ध्रुवंशी एवं कुंदन ध्रुवंशी उपाध्यक्ष, दिनेश ध्रुवंशी को कार्यकारिणी सदस्य तथा केशव ध्रुंवशी को संरक्षक मनोनीत किया गया।

बैठक में समाज को नई दिशा देने, संगठन को मजबूत बनाने तथा सामाजिक, शैक्षणिक एवं विकास संबंधी विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने समाज में एकता, सहयोग और युवाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया। इस अवसर पर ताराचंद ध्रुवशी बलराम कश्यप, छन्नू कश्यप, डेविस कश्यप, हूबलाल, दिनेश ध्रुवंशी, प्रफुल्ल ध्रुवंशी, खुमान कश्यप, मधुबन कश्यप सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

# विद्यार्थियों ने दी मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति

- श्री कृष्ण संगीत महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मना
- विधायक ओंकार ने की 25 हजार देने की घोषणा, हरसंभव सहयोग का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

श्री कृष्ण संगीत महाविद्यालय धमतरी का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओंकार साहू विधायक थे। अध्यक्षता विजय मोटवानी सभापति पी डब्ल्यू डी नगरपालिक निगम ने की। विशिष्ट अतिथि डॉ चन्द्रशेखर चौबे पूर्व प्राचार्य पीजी कॉलेज थे।





श्री कृष्ण संगीत महाविद्यालय के सांस्कृतिक कार्यक्रम में शास्त्रीय गायन, शास्त्रीय तबला वादन, लोकसंगीत एवं कत्थक नृत्य फ्यूजन शास्त्रीय नृत्य जैसे अनेक रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। महाविद्यालय के संस्थापक पीवी पराडकर ने 37 साल की कड़ी मेहनत पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि डॉ चन्द्रशेखर चौबे ने कहा कि इस महाविद्यालय के कलाकार ने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है।

विजय मोटवानी ने महाविद्यालय की समस्याओं का समाधान करने की बात कही। विधायक ओंकार साहू ने वार्षिकोत्सव कार्यक्रम की सराहना करते हुए स्वेच्छानुदान से 25 हजार देने की घोषणा की। महाविद्यालय में पुस्तकालय, फर्नीचर एवं वाद्ययंत्र की कमी को पूर्ण करने के लिए आश्वस्त किया। कार्यक्रम में नगर के कला रसिक के अलावा अंचल के कलाकारों का भी जमघट रहा।

इस आयोजन में प्राचार्य वीरेंद्र साहू, प्राध्यापकगण रवि गजेंद्र, दीपाली कलिहारी, धनेन्द्र कुमार, खिलेंद्र साहू, भोजराज साहू, रविकांत सिन्हा, सांवत यादव, मिथलेश कौशिक, पुलकित साहू, अभिषेक सिन्हा, गिरीश साहू, शिवानी चिखलीकर, सुजीत नाग चौधरी, मदन मोहन दास, लोकेश साहू, मुक्ता सिन्हा, गुंजन यादव, मणि खरिया, मोक्षिका साहू, ममता यादव की भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती उज्ज्वला साहू एवं आभार प्रदर्शन श्रीमती चंद्रिका साहू ने किया।

# पहले मैच में डीएफसी ब्लू ने येलो को 1-0 से हराया



- रोमांचक मुकाबलों के साथ डीएफसी कप 2026 का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

फुटबॉल क्लब ग्रुप द्वारा आयोजित डीएफसी कप 2026 का शुभारंभ उत्साह और खेल भावना के साथ हुआ। प्रतियोगिता में डीएफसी ब्लू, डीएफसी येलो, डीएफसी ऑरेंज और डीएफसी रेड टीमों ने भाग लिया। फाइव-साइड प्रारूप में आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रत्येक टीम के पांच खिलाड़ियों ने मैदान में शानदार प्रदर्शन किया। सभी मुकाबले लीग पद्धति के आधार पर खेले जा रहे हैं, जिससे प्रतियोगिता में रोमांच लगातार बना हुआ है।

प्रतियोगिता का पहला मुकाबला डीएफसी ब्लू और डीएफसी येलो के बीच खेला गया। दोनों टीमों ने शुरुआत से ही तेज और आक्रामक खेल दिखाया। मैच के दौरान दर्शकों को कई शानदार मूव देखने को मिले। मुकाबले का एकमात्र गोल डीएफसी ब्लू के खिलाड़ी विश्वजीत ने किया। उनके इस गोल की बदौलत डीएफसी ब्लू ने 1-0 से जीत दर्ज करते हुए प्रतियोगिता में शानदार शुरुआत की और तीन महत्वपूर्ण अंक हासिल किए।

दूसरा मुकाबला डीएफसी ऑरेंज और डीएफसी रेड के बीच खेला गया। दोनों टीमों ने संतुलित खेल दिखाया और लगातार गोल करने के प्रयास किए, लेकिन निर्धारित समय तक कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। मुकाबला 0-0 की बराबरी पर समाप्त हुआ, जिसके बाद दोनों टीमों को एक-एक अंक दिए गए। प्रतियोगिता के पहले दिन खिलाड़ियों के उत्साह और प्रतिस्पर्धा ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। आने वाले मुकाबलों में और भी रोमांचक खेल देखने की उम्मीद जताई जा रही है।

# अछोटा में जल आपूर्ति व्यवस्था हुई सुदृढ़

- जिला पंचायत सभापति ने 15वें वित्त मद की राशि से टैंकर प्रदान किया

**धमतरी।** ग्राम पंचायत अछोटा में जिला पंचायत सभापति मोनिका देवांगन ने 2 लाख 50 हजार रुपये की लागत से निर्मित पानी टैंकर का लोकार्पण किया।

इस अवसर श्रीमती मोनिका ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना प्राथमिकता है। गर्मी के मौसम में कई स्थानों पर जल संकट की स्थिति उत्पन्न होती है, ऐसे समय में यह पानी टैंकर गांव में पेयजल के लिए सुविधा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि 15वें वित्त मद से प्राप्त राशि का उपयोग जनहित एवं मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए किया जा रहा है, जिससे आम जनता को प्रत्यक्ष लाभ मिल सके।

नागरिकों की आवश्यकताओं को ध्यान



में रखते हुए यह पानी टैंकर प्रदान किया गया है, जिससे पेयजल आपूर्ति एवं अन्य आवश्यक कार्यों में सुविधा होगी। सरपंच श्रीमती संतोषी बाई ढीमर ने कहा कि पानी टैंकर की लंबे समय से आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इससे जल आपूर्ति व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी।

कार्यक्रम में अनीष देवांगन, देवधर देवांगन, मयंक लांगे, वीरेंद्र साहू, वीरेंद्र देवांगन, बंटी ध्रुव, ओंकार ध्रुव, रमा ढीमर, तारिणी यादव, नागेश्वर यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## ग्रीन आमदी ग्रुप ने अब तक 500 से अधिक पौधे रोपे

**आमदी(धमतरी)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पंचायत आमदी में ग्रीन आमदी ग्रुप द्वारा धरती माता की पूजा-अर्चना कर पौधरोपण अभियान का शुभारंभ किया गया। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा यह ग्रुप इन दिनों क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और आसपास के गांवों के लिए प्रेरणास्रोत बन रहा है। ग्रीन आमदी ग्रुप द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों जैसे सामुदायिक भवन, उपस्वास्थ्य केंद्र, हाईस्कूल मैदान, नया तालाब, मुक्तिधाम, शिव तालाब, सोरीबांधा, गोठान, महाविद्यालय परिसर तथा खेल मैदानों के किनारे अब तक 500 से अधिक पौधों का रोपण किया जा चुका है। ग्रुप के सदस्यों ने बताया कि वर्ष 2019 से लगातार पौधरोपण का कार्य किया जा रहा है। लगाए गए पौधों में से लगभग 200 से 250 पौधे अब वृक्ष का रूप ले चुके हैं। ग्रुप के सदस्य स्वेच्छा से अनुदान राशि एकत्रित कर प्रत्येक वर्ष जून-जुलाई माह में फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधों का रोपण करते हैं। पौधों की देखरेख और संरक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है।







